उत्तर प्रदेश में जल्द ही 21 हवाई अड्डे होंगे

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि विमानन क्षेत्र की तीव्र गति पर ज़ोर देते हुए यूपी **21 हवाई अड्डों वाला भारत का पहला राज्य बनने के लिये तैयार है।**

मुख्य बिंदु:

- केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के अनुसार, राज्य में पिछले 9 वर्षों में विमानन बुनियादी ढाँचे का तेज़ी से विकास हुआ है।
  - वर्ष 2014 में उत्तर प्रदेश में केवल 6 हवाई अड्डे थे और अब राज्य में 10 हवाई अड्डे हैं जिनमें अयोध्या में नव उद्घाटन हवाई अड्डा भी शामिल है।
  - यूपी में **5 और हवाई अड्डे** होंगे, इनमें **आज़मगढ़, अलीगढ, मोरादाबाद, श्रावस्ती तथा चित्रकूट** में एक-एक हवाई अड्डा होगा।
- राज्य के बजट 2024-25 के तहत, उत्तर प्रदेश सरकार ने **गौतम बुद्ध नगर ज़िले के जेवर में** आगामी नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिये 1,150 करोड़ रुपए आवंटित किये।
- प्रस्तावित धनराशि भारत सरकार की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (RCS-UDAN) और उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन संवर्धन नीति के उद्देश्यों के अनुरूप है।

क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (RCS-UDAN)

- यह योजना **नागरिक उड्डयन मंत्रालय** द्वारा क्षेत्रीय हवाई अड्डे के विकास और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिये शुरू की गई थी।
- यह **राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नीति 2016 का एक हिस्सा** है।
- यह योजना **10 वर्ष की अवधि के लिये लागू** है।
- **उद्देश्य:**
  - भारत के सुदूर और क्षेत्रीय क्षेत्रों में हवाई कनेक्टिविटी में सुधार करना।
  - दूरस्थ क्षेत्रों का विकास और व्यापार एवं वाणिज्य तथा पर्यटन विस्तार को बढ़ाना।
  - आम लोगों को सस्ती दरों पर हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराना।
  - विमानन क्षेत्र में रोज़गार सृजन।

उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन प्रोत्साहन नीति

- उत्तर प्रदेश की नागरिक उड्डयन प्रोत्साहन नीति वर्ष **2017 में शुरू की गई थी।**
- इसका इरादा राज्य में इस क्षेत्र के विकास के लिये आवश्यक दिशा प्रदान करना है।
- प्रोत्साहन प्रदान करके RCS के तहत **नए मार्गों के विकास के माध्यम से हवाई कनेक्टिविटी में सुधार करना** और यूपी के गैर-RCS हवाई अड्डों की इंटर-कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करना।
- **एयर कार्गो** हब और पूर्ति केंद्रों के विकास का समर्थन करके यूपी में **कृषि-निर्यात**, अन्य खराब होने वाले सामान, विनिर्माण तथा ई-कॉमर्स व्यवसायों को बढ़ावा देना।
- राज्य में **रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (MRO) सुविधाओं** के विकास को सुविधाजनक बनाना।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-to-soon-have-21-airports